इंदौर । रविवार । 3 मई, 2026 । वर्ष 68 । अंक 100 । पृष्ठ 12 । मूल्य रु. 5.00 navabharat.com twitter.com/Nava_Bharat fb.me/NavaBharat.Social

# नव भारत

राष्ट्रीयता की प्रहरी 1934 से



5 राष्ट्रीय हितों के संवर्धन में बदलते हैं दोस्त और दुश्मन


6 ईश्वर अंश जीव अविनाशी


7 नारद प्राकटोत्सव सुख-समृद्धि और भक्ति का उत्सव


8 भारत महिला टी20 विश्व कप टीम घोषित


# ग्लोबल वॉर्मिंग आज अलार्मिंग

## पर्यावरण अनुकूल निर्माण को प्रोत्साहित करना आवश्यक : सीएम डॉ. यादव

**भोपाल, 2 मई. राजधानी में स्थित कुशाभाऊ ठाकरे सभागार में शनिवार को दो दिवसीय ग्रीन बिल्डिंग तकनीक पर अखिल भारतीय सेमिनार और इंडियन बिल्डिंग कांग्रेस की 113 गवर्निंग कॉउंसिल मीटिंग के शुभारंभ हुआ. सेमिनार का शुभारंभ मुख्यमंत्री मोहन यादव ने किया. इस सेमिनार का आयोजन लोक निर्माण विभाग तथा इंडियन बिल्डिंग कांग्रेस ने संयुक्त रूप से किया. इस दौरान दो एमओयू भी किए गए जिसमें पहलो आईआईटी इंदौर और लोक निर्माण विभाग के बीच निर्माण तकनीक पर केंद्रित और दूसरा एमओयू लोक निर्माण विभाग तथा गृहा संस्था के साथ किया गया.**



इस मौके पर मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कहा है कि प्रकृति अनुकूल स्थापत्य हमारे वास्तु का आधार है। वर्तमान समय की बड़ी चुनौती यह है कि हम कांक्रीट के बढ़ते जंगलों और सिमटते प्राकृतिक संसाधनों के बीच खड़े हैं. पर्यावरण अनुकूल निर्माण को प्रोत्साहित करना आवश्यक है. हमें गर्व होना चाहिए कि हम उस परंपरा के उत्तराधिकारी हैं जिन्होंने स्वस्थ नगर नियोजन के साथ जल संरक्षण के लिए विशाल इकोलॉजिकल सिस्टम बनाये. विद्वान, वास्तुकार राजा भोज द्वारा विकसित भोपाल इसका प्रत्यक्ष प्रमाण है.

सौभाग्य का विषय है कि सस्टेनेबल फ्यूचर इनोवेशंस इन ग्रीन बिल्डिंग प्रैक्टिसेस जैसे विषय पर भोपाल में राष्ट्रीय सेमिनार हो रहा है. प्रदेश के ऐतिहासिक स्थल मांडव के जल प्रबंधन और नगर नियोजन को देखते हुए वहां भी इस प्रकार के आयोजन होने चाहिए. मुख्यमंत्री डॉ. यादव शनिवार को ग्रीन बिल्डिंग तकनीक पर अखिल भारतीय सेमिनार और इंडियन बिल्डिंग कांग्रेस की 113 गवर्निंग कॉउंसिल मीटिंग के शुभारंभ सत्र को संबोधित कर रहे थे.

> तत्कालीन गणना की सटीकता इससे सिद्ध होती है कि वर्तमान में भी निश्चित तिथियों पर मौसम में बदलाव का अनुभव किया जा सकता है. प्रदेश में पर्यावरण अनुकूल निर्माण पर जोर दिया जा रहा है। ग्लोबल वॉर्मिंग आज अलार्मिंग हो चुकी है, यह मुख्य चुनौती बनकर सामने आई है। गंगा दशहरा 25 मई को इसके अंतर्गत प्रदेश में कुएं, बाबड़ियों और सभी जल संरचनाओं के जीर्णोद्धार का कार्य किया जा रहा है। इसमें अधिक से अधिक जनसहभागिता सुनिश्चित की जाएगी। प्रदेश में सभी ने जल संरचनाओं पर निरंतर कार्य करने का संकल्प लिया है. मध्यप्रदेश जल संरक्षण कार्यों में देश में प्रथम स्थान पर है।


AMITY UNIVERSITY GWALIOR

MBA

Future Leaders Meet Here

THE AMITY GWALIOR ADVANTAGE

- **300+ Companies** visited the campus for placements. Highest CTC offered ₹ 45 Lpa
- **Top recruiters** include Ceasefire, Arvind Fashions, Capgemini, Jubilant FoodWorks, Intas Pharma, ICICI Bank, Paytm, Ultra Tech, Indigo, Asian Paints...
- **University ranked #1 in Madhya Pradesh** (Pvt) 2026 by QS Southern Asia
- **CEO Dinner Series,** Conversation Programs, Industry Mentorship & Foreign Languages
- **3-Tier Mentorship Model** including Corporate Leaders, Alumni & Faculty
- **Extensive SBW (Skill Building Workshops),** ICT enabled PPM (Pre-Placement Mock Sessions), Student Centric PMM (Profile Mapping Matrix)...
- **Optional Study Abroad Program** at Amity Campuses in New York, London, Singapore & Dubai
- **20 Student start-ups** incubated at Amity Innovation Incubator

MANAGEMENT
- MBA (Spls offered)
  - Marketing & Sales
  - Business Analytics
  - Finance
  - International Business
  - Human Resources
- BBA#

COMMERCE
- B.Com#

ECONOMICS
- B.A. - Economics#

#(Hons / Hons with Research)

To apply visit: amity.edu/gwalior
by: 9th May 2026
7303-872-872

Amity University Gwalior, Maharajpura, Gwalior (Opp. Airport) | E: admissions@gwa.amity.edu


## एक नजर में



### विकास परियोजनाओं का पीएम मोदी करेंगे शुभारंभ

**हैदराबाद.** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी 10 मई को अपनी तेलंगाना यात्रा के दौरान लगभग 7,823 करोड़ रुपये की विकास परियोजनाओं का शिलान्यास और उद्घाटन करेंगे। तेलंगाना भारतीय जनता पार्टी के अध्यक्ष एन. रामचंद्र राव ने शनिवार को मेडक जिले के रामायमपेट में एक संवाददाता सम्मेलन को संबोधित करते हुए बताया कि लगातार तीसरी बार प्रधानमंत्री का पद संभालने के बाद श्री मोदी की राज्य की यह पहली यात्रा होगी। उन्होंने बताया कि इन प्रमुख परियोजनाओं में जहीराबाद में एक औद्योगिक शहर की स्थापना, वारंगल में एक टेक्सटाइल पार्क और पीएम मित्र काकतीय मेगा टेक्सटाइल पार्क शामिल हैं।



### नौसेना प्रमुख एडमिरल त्रिपाठी म्यांमार दौरे पर

**नई दिल्ली.** भारत के नौसेना प्रमुख एडमिरल दिनेश त्रिपाठी 2 से 5 मई तक म्यांमार की चार दिवसीय आधिकारिक यात्रा पर हैं. इस दौरे का उद्देश्य भारत और म्यांमार के बीच समुद्री सुरक्षा, क्षमता विकास और सैन्य सहयोग को और मजबूत करना है. यात्रा के दौरान एडमिरल त्रिपाठी म्यांमार के शीर्ष सैन्य अधिकारियों, जिनमें जनरल ये विन ऊ, रक्षा मंत्री जनरल यू हटुन आंग और नौसेना प्रमुख एडमिरल हेटिन विन शामिल हैं, से द्विपक्षीय वार्ता करेंगे। इन बैठकों में दोनों देशों के बीच मौजूदा समुद्री सहयोग की समीक्षा, परिचालन तालमेल और प्रशिक्षण कार्यक्रमों का विस्तार चर्चा का मुख्य विषय होगा.

# प्रसून जोशी प्रसार भारती के नए चेयरमैन नियुक्त

**नई दिल्ली, 2 मई. प्रसिद्ध गीतकार, कवि और फिल्मी जगत के जाने-माने रचनाकार प्रसून जोशी को शनिवार को प्रसार भारती का नया चेयरमैन नियुक्त किया गया। यह घोषणा सूचना एवं प्रसारण मंत्रालय ने की, जिसके तहत उन्होंने देश के सार्वजनिक प्रसारक की कमान संभालने का कार्यभार ग्रहण किया.**




केंद्रीय मंत्री अश्विनी वैष्णव ने प्रसून जोशी को एक दुर्लभ रचनात्मक प्रतिभा बताते हुए कहा कि उनके नेतृत्व में प्रसार भारती को नई रचनात्मक आवाज़ मिलेगी। प्रसून जोशी इससे पहले केंद्रीय फिल्म प्रमाणन बोर्ड के अध्यक्ष के रूप में कार्यरत थे. उनका अनुभव भारतीय फिल्म उद्योग और मीडिया के विविध पहलुओं को समझने में अद्वितीय है। उनके नेतृत्व में उम्मीद की जा रही है कि प्रसार भारती न केवल कार्यक्रमों और प्रसारण की गुणवत्ता में सुधार करेगा, बल्कि डिजिटल और नई मीडिया प्लेटफॉर्म्स पर भी अपनी पकड़ मजबूत करेगा। वे नवनीत कुमार सहगल का स्थान लेंगे, जिन्होंने मार्च 2024 से इस पद पर कार्य किया.

# ईसी को अधिकारी रखने का अधिकार

- **सुप्रीम कोर्ट बोला- अधिकारी चुनना आयोग का हक**
- **मतगणना स्टॉफ चयन पर चुनाव आयोग को छूट**

**नई दिल्ली, 2 मई. सुप्रीम कोर्ट ने शनिवार को पश्चिम बंगाल में काउंटिंग सेंटर्स पर केंद्रीय और पीएसयू कर्मचारियों की तैनाती के खिलाफ टीएमसी की आपत्ति को खारिज कर दिया.सुप्रीम कोर्ट ने कहा कि चुनाव आयोग को कोई आदेश नहीं दे सकते है।**

यह चुनाव आयोग का अधिकार है उन पर भरोसा करें. टीएमसी की ओर से सीनियर वकील कपिल सिब्बल ने कहा है कि हमें उनसे (चुनाव आयोग) से न्याय मिलने की उम्मीद नहीं है.



टीएमसी ने इससे पहले कलकत्ता हाईकोर्ट में अपील की थी. हाईकोर्ट ने आपत्ति खारिज करते हुए कहा था कि काउंटिंग स्टाफ की नियुक्ति चुनाव आयोग के अधिकार क्षेत्र में आती है, इसमें कोई अवैधता नहीं है." .यह मामला तब उठा जब टीएमसी ने मतगणना के लिए सुपरवाइजर और सहायक के रूप में केंद्र सरकार और सार्वजनिक उपक्रम कर्मचारियों की तैनाती पर आपत्ति जताई.

> सुप्रीम कोर्ट में कल सुनवाई के दौरान जस्टिस जॉयमाल्य बागची ने कहा कि नियमों के तहत यह पूरी तरह चुनाव आयोग पर निर्भर करता है कि वह किन अधिकारियों को नियुक्त करता है। उन्होंने यह भी स्पष्ट किया कि जब विकल्प खुला है, तो इसे नियमों के खिलाफ नहीं माना जा सकता। टीएमसी की ओर से वरिष्ठ वकील कपिल सिब्बल ने दलील दी कि पार्टी को अधिकारियों की तैनाती संबंधी जानकारी समय पर नहीं दी गई.

पार्टी का तर्क था कि इससे निष्पक्षता पर सवाल उठ सकते हैं और राज्य सरकार के अधिकारियों को भी प्रक्रिया में शामिल किया जाना चाहिए.

# ट्रंप के बयान पर महायुद्ध की चेतावनी

## ईरान ने दिया कड़ा जवाब, वैश्विक सुरक्षा पर खतरा

**वाशिंगटन, 02 मई. अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने अपने हालिया बयान में ईरान पर नकेल कसने और कड़े कदम उठाने की बात कही, जिससे तेहरान ने महायुद्ध जैसी चेतावनी दी.**

ट्रम्प ब्रीफिंग के दौरान कहा कि वे किसी भी कीमत पर ईरान को परमाणु हथियार हासिल नहीं करने देंगे। उन्होंने यह भी स्पष्ट किया कि संभावित सैन्य कार्रवाई के लिए उन्हें संसद की मंजूरी लेने की जरूरत नहीं है। ईरान के सीनियर मिलिट्री अधिकारी मोहम्मद जाफर असदी ने कहा कि अमेरिका की हर गलत हरकत का ईरान कड़ा जवाब देगा। असदी ने कहा कि ईरानी सेना पूरी तरह युद्ध के लिए तैयार है और किसी भी



परिस्थितियों में देश की सुरक्षा सुनिश्चित करेगी।

अगर अमेरिका ने कोई सैन्य कदम उठाया, तो उसका जवाब निर्णायक और शक्तिशाली होगा. यह बयान केवल कूटनीतिक विवाद नहीं है, बल्कि सैन्य संघर्ष की आशंका को भी जन्म दे सकता है. अमेरिका और ईरान के बीच पहले भी कई बार तनावपूर्ण स्थिति देखने को मिली है, जैसे कि 2019 में कासिम सुलेमानी की हत्या और इसके बाद दोनों देशों के बीच तनावपूर्ण बातचीत.

# कांकेर में आईईडी विस्फोट से 4 जवान शहीद

- **इंस्पेक्टर सुखराम वट्टी समेत 4 जवान शहीद, 1 गंभीर**

**रायगढ़, 02 मई. छत्तीसगढ़ के कांकेर जिले में डीआरजी की टीम पर नक्सलियों द्वारा किया गया जानलेवा हमला शनिवार को हुआ. जवान नक्सलियों की ओर से लगाई गई आईईडी को निष्क्रिय करने की कोशिश कर रहे थे, तभी अचानक विस्फोट हो गया.**

इस हादसे में इंस्पेक्टर सुखराम वट्टी, कांस्टेबल कृष्णा कोमरा और कांस्टेबल संजय गढ़पाले शहीद हो गए. कांस्टेबल परमानंद कोमरा गंभीर रूप से घायल हैं और उनका इलाज जारी है. यह हमला छोटेबेठिया थाना क्षेत्र के जंगल में हुआ, जो नारायणपुर जिले की सीमा के पास स्थित है. यह घटना राज्य में नक्सलवाद से मुक्त घोषित होने के बाद पहली गंभीर नक्सली वारदात है। बस्तर रेंज के आईजी पी. सुंदरराज ने जवानों की बहादुरी की सराहना की और कहा कि खुफिया जानकारी के आधार पर आगे भी ऐसे खतरनाक आईईडी निष्क्रिय करने के अभियान जारी रहेंगे।

सुरक्षा बलों ने घटनास्थल को घेरकर जांच शुरू कर दी है। स्थानीय प्रशासन और पुलिस अधिकारी घटनास्थल पर पहुंचकर राहत और बचाव कार्य में जुट गए हैं. इस हमले ने यह स्पष्ट कर दिया है कि नक्सली अब भी सक्रिय हैं और सुरक्षा बलों के लिए खतरा उत्पन्न कर सकते हैं।

> बस्तर रेंज के आईजी पी. सुंदरराज ने कहा कि सुरक्षा बलों ने हाल ही में सरेंडर हुए नक्सलियों से मिली खुफिया जानकारी की मदद से कई आईईडी निष्क्रिय किए थे. कांकेर सहित बस्तर के सात जिलों में पहले से बिछाए गए सैकड़ों आईईडी को खोजकर निष्क्रि य किया गया. हालांकि, इस बार नक्सलियों ने डीआरजी टीम को सीधे निशाना बनाया. विस्फोट के समय चार जवान घायल हुए, जिसमें से तीन शहीद हो गए.

### सीबीआई ने यूएई से आरोपी किया प्रत्यर्पित

**नई दिल्ली 02 मई.** केंद्रीय जांच ब्यूरो (सीबीआई) को बैंकिंग धोखाधड़ी के वांछित आरोपी कमलेश पारेख को संयुक्त अरब अमीरात (यूएई) से प्रत्यर्पण कर भारत लाने में बड़ी सफलता मिली है. सीबीआई ने शनिवार को बताया कि आरोपी को शुक्रवार को यहां लाया गया जहां उसे हिरासत में ले लिया गया। सीबीआई ने कहा है कि विदेश मंत्रालय और गृह मंत्रालय के समन्वय से कल रेड नोटिस के तहत वांछित आरोपी कमलेश पारेख को यूएई से प्रत्यर्पित कराने में सफलता मिली है।उक्त आरोपी एक बड़े पैमाने पर बैंकिंग और वित्तीय धोखाधड़ी के मामले में वांछित था.

# करोड़ों मोबाइल पर बजा आपातकालीन सायरन

## सरकार ने लॉन्च किया देशव्यापी 'सचेत' मोबाइल-आधारित प्लेटफॉर्म



**नई दिल्ली, 2 मई. सरकार ने शनिवार को एक नई मोबाइल-आधारित आपदा चेतावनी प्रणाली का शुभारंभ किया, जिसका उद्देश्य आपातकालीन अलर्ट को तेजी से और प्रभावी ढंग से नागरिकों तक पहुंचाना है.**

केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह और केंद्रीय संचार मंत्री ज्योतिरादित्य सिंधिया ने इस योजना की घोषणा करते हुए बताया कि यह देशव्यापी पहल नागरिक सुरक्षा और आपदा प्रबंधन में एक नया आयाम लाएगी. इस प्रणाली का नाम 'सचेत' है, जिसे दूरसंचार विभाग ने राष्ट्रीय आपदा प्रबंधन प्राधिकरण के सहयोग से विकसित किया है. यह प्लेटफॉर्म मोबाइल उपयोगकर्ताओं को भौगोलिक रूप से लक्षित चेतावनी देने के लिए एसएमएस आधारित अलर्ट और सेल ब्रॉडकास्ट तकनीक का उपयोग करता है. 19 भाषाओं में अब तक 134 अरब से अधिक एसएमएस अलर्ट भेजे जा चुके हैं.

### आपदा और आपातकाल की नई चेतावनी-सिंधिया



भारत ने शनिवार को नई मोबाइल-आधारित आपदा चेतावनी प्रणाली के तहत सेल ब्रॉडकास्ट सेवा की शुरुआत की. इस अवसर पर केंद्रीय संचार और पूर्वोत्तर क्षेत्र विकास मंत्री ज्योतिरादित्य सिंधिया ने कहा कि यह कदम नागरिक सुरक्षा को मजबूत करने और आपदा के समय त्वरित सूचना सुनिश्चित करने के लिए महत्वपूर्ण है.

**गर्मी से राहत** ▶ देशभर में बारिश-तूफान का असर, कई राज्यों में ओलावृष्टि, किसानों को नुकसान

# आंधी-बारिश से बदला मौसम, 9 राज्यों में अलर्ट

**नई दिल्ली/भोपाल, 02 मई. देश के कई हिस्सों में मौसम ने अचानक करवट लेते हुए लोगों को भीषण गर्मी से राहत दी है. शनिवार को मध्य प्रदेश, उत्तर प्रदेश, बिहार, झारखंड, पश्चिम बंगाल समेत कई राज्यों में तेज आंधी और बारिश के साथ ओलावृष्टि हुई.**

मौसम विभाग के अनुसार, इस बदलाव के चलते तापमान में 3 से 5 डिग्री सेल्सियस तक की गिरावट आई है पिछले कुछ दिनों में जहां तापमान 45 डिग्री के पार पहुंच गया था, वहीं अब इसमें उल्लेखनीय कमी आई है.



केदारनाथ में खराब मौसम का असर, 50त्न हेली टिकट रद्द

ऑरेंज अलर्ट के बीच सभी हेली सेवाएं अस्थायी बंद



**केदारनाथ यात्रा पर मौसम की मार, उड़ानें ठप :**उत्तराखंड के प्रसिद्ध केदारनाथ धाम की यात्रा इस समय खराब मौसम की वजह से प्रभावित हो रही है। रुद्रप्रयाग जिले में मौसम विभाग द्वारा जारी ऑरेंज अलर्ट के चलते प्रशासन पूरी तरह सतर्क है. भारी बारिश, ओलावृष्टि और बिजली गिरने की आशंका को देखते हुए सुरक्षा कारणों से हेलीकॉप्टर सेवाओं को अस्थायी रूप से निलंबित कर दिया गया है।पिछले तीन दिनों में केदारनाथ जाने वाले करीब 50 प्रतिशत हेलीकॉप्टर टिकट रद्द किए जा चुके हैं. फाटा, सोनप्रयाग, सिरसी और गुप्तकाशी सहित सभी प्रमुख हेलीपैडों से उड़ानें फिलहाल बंद हैं.

> मध्य प्रदेश के कई हिस्सों में दो दिन से अचानक मौसम ने करवट ली है. राजधानी भोपाल में दोपहर बाद हुई बारिश ने लोगों को गर्मी से कुछ राहत दी, लेकिन रायसेन, सीहोर और बालाघाट में नुकसान की घटनाएं भी हुईं. रायसेन के छुछार गांव में हरशिव वेयरहाउस की टीन की छत तेज हवाओं से उड़ गई. खुले में रखी गेहूं की फसल बारिश में भीग गई.

# क्रूज हादसा : कॉल में मरीना चिल्ला रही थीं... मुझे बचा लो

- **मृतकों की संख्या हुई 11, दो अब भी लापता**
- **तीसरे दिन मिला मासूम विराज का शव**

**जबलपुर, 02 मई. बरगी बांध क्रूज हादसे का शिकार हुआ विराज सोनी 6 वर्ष का शव तीसरे दिन शनिवार मिल गया है। मृतकों की संख्या 11 पहुंच गई है। सर्च अभियान के दौरान एक और शव के संकेत मिले हैं जिसकी बरामदगी के लिए टीम जुटी है।**

वहीं, बरगी बांध क्रूज हादसे में एक वीडियो सामने आया है, इस हादसे में दिल्ली का एक परिवार भी शामिल था। जिसमें मरीना (39), उसका चार साल का बेटा और दादी की मौत हो गई। आखिरी वीडियो कॉल में मरीना चिल्ला रही थीं.. मुझे बचा लो। परिजनों ने ऑपरेटरों की लापरवाही और मौसम चेतावनी न देने का आरोप लगाया। हादसे में अब तमिल 5 वर्ष, कामराज, मयूरम 9 वर्ष लापता है ।जानकारी के अनुसार बरगी बांध में गुरुवार शाम तेज आंधी चलने से खमरिया टापू के पास पर्यटकों से भरा क्रूज डूबने के बाद लापता चार लोगों की तलाश शनिवार सुबह 6 बजे से शुरू हुई सेना, एनडीआरएफ और एसडीआरएफ की टीमें नौकाओं की मदद से तलाश की जा रही है.